[9/3/2021]

प्रश्न सं. [क्र. 2348]

परिशिष्ट - 1

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग मुलताई
सिविल लाईन मुलताई म.प्र.

E-Mail :- eeresmultai@mp.gov.in, Phone No. 07147 - 220550

पत्र क्रं./388/ वि.स./ग्रा.यां.सेवा/2021 मुलताई दिनांक 23.02.2021

प्रति,

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ./स.)
संभाग–बैतूल

विषय :– विधानसभा क्षेत्र मुलताई के अंतर्गत मार्गो की व्यवस्था ठीक की जाना।
(विधानसभा अतारांकित प्रश्न क्रं. 2348 श्री सुखदेव पांसे)

संदर्भ :– आपका पृ.क्र. 1185/तक./बैतूल दिनांक 22.02.21

——— 000 ———

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र द्वारा चाही गई विधानसभा अतारांकित **प्रश्न क्रं. 2348** के संबंध में अवगत कराया जाता है कि उल्लेखित पारबिरोली से खड़कवार मार्ग एवं पुलिया का निर्माण ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग मुलताई द्वारा न किया जाकर निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत खड़कवार द्वारा वर्ष 2005–06 में किया गया था, जिसके पश्चात् जल संसाधन विभाग द्वारा माथनी में डेम बनाया गया। वर्षाकाल के दौरान डेम में जल भराव होने के कारण पारबिरोली से खड़कवार मार्ग की पुलिया दो से तीन माह डूब में रहती है। जिससे आवागमन अवरूद्ध हो जाता है। चूंकि उक्त मार्ग एवं पुलिया जल संसाधन विभाग द्वारा बनाये गये माथनी डेम के डूब क्षेत्र अन्तर्गत आता है अतः ग्राम पारबिरोली से खड़कवार मार्ग पर पुलिया निर्माण का कार्य जल संसाधन विभाग से कराया जाना उचित होगा।

for कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग मुलताई

पृ. क्रं./389 / वि.स/ग्रा.यां.सेवा/2021 मुलताई, दिनांक 23.02.2021

प्रतिलिपि :–

1. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बैतूल की ओर सादर सूचनार्थ ।

for कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग मुलताई